तापमान
अधिकतम 21.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार 2 फरवरी 2026

12 संतों की वाणी में सामाजिक एकता : बेदी


12 लेक्चरर रमेश शर्मा को सेवानिवृत्ति पर कर्मियों ने.....


## खबर संक्षेप

### दुकानदार से मारपीट के दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सदर थाना पुलिस ने गांव मनोहरपुर में रंजिशन दुकानदार के साथ मारपीट करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव मनोहरपुर निवासी सोनू गत 23 जनवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह गांव में दुकान चलाता है। कप्तान के साथ उसकी कहासुनी हो गई थी।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक पर किया हमला

**कैथल।** कलायत में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर लाठी-डंडों व गंडासियों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पहले कलायत और फिर कैथल के सिविल अस्पताल रेफर किया। मामले में कलायत थाना पुलिस ने पिता की शिकायत पर 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सट्टा खाईवाली के आरोपी से नकदी बरामद

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने सट्टा खाईवाल करते एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 9510 रुपये बरामद किए हैं। सदर थाना सफीदों पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी कि गांव हाट पानी की डिग्गी के निकट एक व्यक्ति सट्टा खाई वाल का कार्य कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर व्यक्ति को काबू कर लिया।

### अवैध कब्जा कर तोड़फोड़ करने का आरोप, केस

**कैथल।** मायापुरी कॉलोनी में एक व्यक्ति ने जेसीबी लेकर जमीन पर अवैध कब्जा कर तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में गांव जाखौली निवासी बिजेंद्र सिंह और उनकी माता कृष्णा ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### अश्लील हरकत करने का आरोपित गिरफ्तार

**उचाना।** उचाना थाना पुलिस ने गांव घसो खुर्द घर में घुस कर महिला से अश्लील हरकत करने तथा विरोध करने पर महिला के ससुर से मारपीट करने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। घसो खुर्द निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि के ही ईश्वर ने घर में घुस कर उसके साथ अश्लील हरकत की।

### समिति का जिला स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन 14 को

**जींद।** हरियाणा ज्ञान-विज्ञान समिति की जिला जींद इकाई का 11वां जिला स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन आगामी 14-15 फरवरी को सफीदों रोड स्थित स्थानीय बैरागी धर्मशाला में होगा। इसके मुख्य अतिथि अशोक कुमार गर्ग, रिटायर्ड कमिश्नर तथा समिति के राज्याध्यक्ष प्रोफेसर प्रमोद गौरी मुख्य वक्ता होंगे। यह जानकारी हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के जिला सचिव मा. प्रमोद कुमार ने सम्मेलन के लिए गठित स्वागत समिति की अहम बैठक में तैयारियों की समीक्षा उपरांत दी।

### ग्राम सचिवालय से चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना राजोंद क्षेत्र में ग्राम सचिवालय का ताला तोड़कर कंप्यूटर, प्रिंटर व अन्य सामान चोरी करने के मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई ईशम सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव कोटडा निवासी कुलबीर व मेजर सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी राजोंद अन्नू टंक की शिकायत अनुसार ग्राम पंचायत कोटड़ा के ग्राम सचिवालय में सीपीएलओ के उपयोग हेतु कंप्यूटर, प्रिंटर, सीपीयू व अन्य आवश्यक सामान उपलब्ध कराया गया था।

### केंद्र सरकार द्वारा पेश किए आम बजट को लेकर जिले में राजनीतिक पार्टियों ने प्रतिक्रियाएं दी

# बजट को पक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने सिरे से नकारा

**महंगाई को रोकने के लिए कोई स्पष्ट रणनीति नही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

केंद्र सरकार द्वारा रविवार को पेश किए गए बजट 2026 को पक्ष जहां देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला बता रहा है। दावा किया जा रहा है कि यह बजट विकास, निवेश और रोजगार को बढ़ावा देगा। वहीं विपक्ष ने इस बजट को सिरे से नकारते हुए इसमें महंगाई, कर बोझ और सामाजिक क्षेत्र की अनदेखी जैसी चिंताएं व्यक्त की हैं। सरकार के अनुसार बजट 2026 में इन्फ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल इकोनॉमी पर विशेष जोर दिया गया है। इससे देश में निवेश बढ़ने और रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं विपक्ष ने बजट को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि यह बजट आम आदमी की जेब पर भारी पड़ेगा। महंगाई को रोकने के लिए कोई स्पष्ट रणनीति नही है। मध्यम वर्ग को कोई राहत नही दी गई है।

#### विकसित भारत की दिशा में मजबूत

भाजपा नेत्री डा. पुष्पा तायल ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला ने जो बजट पेश किया है, वो युवा शक्ति, विकास व विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम है। प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पहले से मजबूत है। बजट नए निवेश, स्किल डेवलप्मेंट और टेक्नोलॉजी हब बनाने में मदद करेगा।



#### हवाई जहाज पार्टस बनाना आसान

भाजपा नेता डा. राज सैनी ने कहा कि सरकार ने हवाई जहाज के पाट्र्स पर लगने वाला टैक्स हटा दिया है। जिससे हरियाणा में अब हवाई जहाज के पाट्र्स बनाना और भी आसान हो जाएगा। इससे पाट्र्स बनाने की लागत कम होगी और गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे शहरों में ज्यादा विदेशी कंपनियां निवेश करेंगी।




#### व्यापारियों का नहीं रखा ख्याल

कांग्रेस नेता अमनदीप बेलरखां ने कहा कि छोटे और मध्यम व्यापारियों पर पहले ही अनुपालन का बोझ बढ़ता जा रहा है। ऐसे में इनकम टैक्स में राहत न मिलना व्यापारिक गतिविधियों और निवेश के माहौल पर नकारात्मक असर डाल सकता है। इनकम टैक्स में व्यावहारिक और प्रभावी राहत प्रदान की जाए।



#### नागरिक को राहत देने वाला नहीं

इनेलो नेता बिजेंद्र रेढू ने कहा कि इस बजट में आम नागरिक को राहत देने के लिए कुछ भी नही किया गया है। बजट महंगाई एवं बेरोजगारी दोनों को और बढ़ाता है। यह बजट केवल कार्पोरेट जगत को ही लाभ पहुंचाने का काम किया गया। आज देश की अर्थव्यवस्था चरमरा चुकी है।



#### औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर केंद्रित बजट

भाजपा नेता डा. भारत भूषण ने कहा कि बजट सिटी इकोनॉमिक रीजन का विकास हरियाणा जैसे औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर केंद्रित राज्य की प्रगति को नई उड़ान देगा। यह बजट फिर से एक मजबूत आर्थिक दिशा तय करेगा और सरकार के विकसित भारत एजेंडा को आगे ले जाएगा। यह एक ऐतिहासिक बजट होगा।



#### राखीगढी को वैश्विक पहचान मिलेगी

भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल ने कहा कि 15 पुरातात्विक स्थलों के विकास से हरियाणा की ऐतिहासिक धरोहरों जैसे कि राखीगढी को वैश्विक पहचान मिलेगी। एआई व क्वांटम मिशन में निवेश गुरुग्राम को ग्लोबल टेक हब के मजबूती आधार देगा। ग्रामीण और शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूती मिलेगी।



#### हरियाणा को पूरी तरह अनदेखा किया

कांग्रेस नेता दीपक पिंडारा ने कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा को अनदेखा किया। बजट में न हरियाणा के किसानों के लिए कोई ठोस प्रावधान किया है, न बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों की कोई स्पष्ट योजना दिखाई दी। व्यापारियों के लिए भी यह बजट निराशाजनक साबित हुआ है।



#### मध्यम वर्ग सबसे परेशान

जजपा नेता विकास सिहाग ने कहा कि बजट से सबसे ज्यादा दुखी एक बार फिर मध्यम वर्ग हुआ है। क्योंकि इसमें मध्यम वर्ग के लिए कोई योजना नही है। सरकार ने बजट में मध्यवर्ग के लिए कोई विशेष कार्य योजना तैयार नही की है। हरियाणा प्रदेश के लिए बजट में किसी तरह की कोई विशेष घोषणा नही की गई।



#### युवाओं को रोजगार मिलेगा

भाजपा नेता जसमेर रजाना ने कहा कि सोनीपत के खरखौदा और गुरुग्राम के मानेसर में स्थित इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप को बजट के माध्यम से बढ़ावा दिया जाएगा। जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। केंद्रीय बजट में बायोफार्मा शक्ति के तहत 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।



#### इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि केंद्रीय बजट में इनकम टैक्स को लेकर व्यापारियों को जिस राहत की उम्मीद थी वह पूरी नहीं हो सकी। इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव न किया जाना मध्यम वर्ग और व्यापार जगत दोनों के लिए निराशाजनक है।



#### कामगारों के हाथ लगी निराशा

कांग्रेस नेता दिनेश डाहौला ने कहा कि बजट से युवाओं, कर्मचारियों और कामगारों को पूर्णतया निराशा हाथ लगी है। टैक्स स्लैब में बदलाव नही किया है। आठवां वेतन आयोग और पुरानी पेंशन नीति पर निराश करने वाला है। बजट युवाओं को रोजगार और महंगाई राहत के लिए कोई घोषणा नहीं की गई।



#### बजट आमजन का नहीं कार्पोरेट का

कांग्रेस नेता पवन गर्ग ने कहा कि यह आम आदमी का बजट नही है बल्कि कार्पोरेट का है। इस बजट में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का का कोई ख्याल रखा गया है। आज देश व प्रदेश में महंगाई और बेरोजगारी दिन प्रतिदिन बढ़ रही है लेकिन सरकार का इन मुद्दों पर कोई ध्यान नही है।





भाजपा कपिल कमल कार्यालय में आम बजट सुनते भाजपा नेता व कार्यकर्ता


#### भाजपाइयों ने देखा बजट का लाइव प्रसारण

**कैथल।** भारत का वित्तीय वर्ष 2026-27 का आम बजट 1 फरवरी 2026 को संसद में प्रस्तुत किया गया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह देश का 80वां बजट है। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी की अध्यक्षता में जिला भाजपा कार्यालय कपिल कमल, कैथल में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बजट का लाइव प्रसारण सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर बजट को देश के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी कदम बताया गया। बजट में किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग, गरीब और व्यापारी वर्ग—सभी के हितों को संतुलित रूप से ध्यान में रखा गया है। बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल अर्थव्यवस्था, स्टार्टअप, शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र को नई गति देने वाला यह बजट विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करता है। भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट गरीब कल्याण, किसान सशक्तिकरण और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने वाला बजट है।

## बजट देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला : कै. योगेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

जुलाना केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए आम बजट को लेकर जुलाना क्षेत्र में राजनीतिक प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। जहां भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने इस बजट को जनहितैषी, विकासोन्मुख और हर वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया बताया है। वहीं विपक्षी दलों ने इसे पूरी तरह से नकारा और आम जनता के साथ छल करार दिया है। बजट को लेकर जुलाना में राजनीतिक सरगर्मी बनी हुई है। जहां सत्ताधारी दल इसे देश के विकास की दिशा में अहम कदम बता रहा है, वहीं विपक्ष इसे जनविरोधी और नाकाम बजट करार दे रहा है। आने वाले समय में यह बजट आम जनता की उम्मीदों पर कितना खरा उतरता है यह देखना बाकी है। बजट को लेकर जब अलग अलग नेताओं से बात की गई तो उन्होंने इस तरह से प्रतिक्रिया दी। जुलाना से भाजपा के प्रत्याशी रहे कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला है और इससे गरीबए किसानए मजदूरए युवा तथा मध्यम वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा। बजट में किसानों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नई योजनाओं की घोषणा की गई हैए जिससे किसानों की आय बढ़ेगी। इसके अलावा युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर सरकार का फोकस साफ दिखाई देता है। मध्यम और लघु उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। विकसित भारत की तर्ज पर विकसित हरियाणा का निर्माण होगा। नपा जुलाना चेयरमेन डा. संजय जांगडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार आम आदमी के हित में फैसले ले रही है और यह बजट उसी दिशा में एक और मजबूत कदम है। कहा कि बजट में महिलाओं के सशक्तिकरणए स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने और डिजिटल इंडिया को और मजबूती देने के प्रावधान किए गए हैं।

कैप्टन योगे बैरागी, डा. संजय जांगड़ा

#### केवल कागजी आंकड़ों तक सीमित



कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता मोहित लाठर ने कहा कि यह बजट केवल कागजी आंकड़ों तक सीमित है और जमीनी स्तर पर आम जनता को इससे कोई खास राहत नहीं मिलने वाली। महंगाईए बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं पर सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। आम आदमी की जेब पर बोझ लगातार बढ़ रहा है लेकिन बजट में महंगाई कम करने के लिए कोई प्रभावी योजना नजर नहीं आती।बजट में बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाया गया है। जबकि गरीब और मध्यम वर्ग को केवल आश्वासन ही मिले हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के नाम पर सरकार फिर से पुराने वादों को दोहरा रही है। पूरे देश में सबसे ज्यादा टोल टैक्स हरियाणा से जाता है लेकिन बजट में कुछ नही मिला।

## झगड़े में धक्का देने से बुजुर्ग की मौत, पत्नी गंभीर

- पुत्रवधु के साथ झगड़े में बीच बचाव कर रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** वृद्ध के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन। *फोटो :हरिभूमि*

गांव हथो में बीती रात झगड़े के दौरान धक्का दिए एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि उसकी बुजुर्ग पत्नी घायल हो गई। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के पोते की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव हथो निवासी बुजुर्ग भल्लेराम (80) की पुत्रवधु के साथ पड़ोसी कुलदीप परिवार की कहासुनी हो गई। उस दौरान मामला शांत हो गया। शाम का कुलदीप परिवार भल्लेराम के मकान में घुस आया और मारपीट करने लगे। बुजुर्ग भल्लेराम तथा उसकी पत्नी भरपाई बीचबचाव करने लगे। कुलदीप परिवार ने बुजुर्ग दंपत्ति को धक्का दे दिया। जिसमें भल्लेराम का सिर चारपाई से जा लगा। उसकी पत्नी भरपाई का सिर जमीन से लगा। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को परिजनों द्वारा उपचार के लिए नरवाना नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान भल्लेराम की मौत हो गई। जबकि भरपाई की गंभीर हालात देख जिला मुख्यालय नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया।

#### जांच जारी

सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के पोते सागर की शिकायत पर कुलदीप, डिम्पल, रल्दू, रामदिया, सुखबीर के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना नरवाना के जांच अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि झगड़े में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी घायल हो गई है। फिलहाल पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## सड़क निर्माण को लेकर नगर के लोगों ने किया प्रदर्शन, जमकर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

राजौंद के महाराणा प्रताप चौक पर सड़क निर्माण को लेकर नगर के लोगों ने जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कहा कि सड़क निर्माण में जानकारी मिली है कि ब्लाक की सड़क बनाई जा रही है, जो सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि यह सड़क को सी सी युक्त सड़क बनाई जाए जबकि जाखौली व पूंडरी देबवन में भी सी सी युक्त सड़क बनाई गई है। लेकिन राजौंद जैसे इतने बड़े शहर में ब्लाक की सड़क बनाने की बात सामने आई है। जो नगर के लोग बिल्कुल भी सहन नही करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले लंबे समय से लोग लगातार नरक भोग रहे है। दुकानदारों का धंधा चौपट होकर रह गया है। इतने लंबे समय के इंतजार के बाद भी अगर सी सी युक्त सड़क नही बनी तो नगर का कोई भी व्यक्ति इसे सहन नही करेगा। उन्होंने कहा कि सड़क पर एक कदम भी चलना मुश्किल होकर रह गया है। लोगों ने महाराणा प्रताप चौक पर जमकर नारेबाजी की और असंध कैथल मार्ग के लगभग डेढ़ किलोमीटर टुकड़े को सी सी युक्त बनाने की बात कही है। अगर ब्लाकों की सड़क बनाई गई तो वह इसे बिल्कुल भी बनने देंगे। इस दौरान विरोध जता रहे लोगों ने कहा कि मंगलवार को पूरा नगर के लोगों की पंचायत की जाएगी, जिसमें पूरे नगर की तरफ से निर्णय लेकर सी सी युक्त सड़क व तारकोल की सड़क बनाने को लेकर जिला उपायुक्त को मिलेंगे।



**राजौंद।** सीसी युक्त सड़क बनाने की मांग करते हुए नागरिक।

**परेशानी** जींद जिला नागरिक अस्पताल की थर्ड आई सुरक्षा राम भरोसे

# नई बिल्डिंग में लगे सुरक्षा कैमरे बंद, अस्पताल में वारदात होने पर नहीं देख पाएंगे सीसीटीवी फुटेज

**नागरिक अस्पताल में सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह इंस्टॉल किए है कैमरे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल नई बिल्डिंग की थर्ड आई सुरक्षा पिछले काफी समय से राम भरोसे पर आ गई है। नई बिल्डिंग में लगाए गए सीसी टीवी कैमरे बंद हैं। अब अगर अस्पताल में चोरी या फिर कोई अन्य वारदात होती है तो सीसी टीवी फुटेज को नहीं देखा जा सकता है। ऐसे में यदि कोई घटना होती है तो आरोपितों को पहचाना नहीं जा सकता है। कैमरों को लेकर संबंधित एजेंसी को स्वास्थ्य विभाग द्वारा पत्र लिख कर इन्हें सुचारू रूप से संचालिक करने के लिए कहा गया है। नागरिक अस्पताल में सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह कैमरे इंस्टॉल किए गए हैं। इन कैमरों पर नजर रखने के लिए डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला के कमरे में एलईडी स्क्रीनें लगाई गई हैं। जब भी कोई वारदात होती है तो इन कैमरों के माध्यम से सीसी टीवी फुटेज को देखा जाता है। इसके लिए स्पेशल कर्मियों की डयूटियां भी लगाई गई हैं। पिछले कई दिनों से यह कैमरे बंद हैं। यह कैमरे तो नागरिक अस्पताल के हैं लेकिन इन कैमरों का रखरखाव का ठेका दिया गया है। फिलहाल यह कैमरे बंद हैं। इसके लिए बजट की आवश्यकता है। जिसे स्वास्थ्य अधिकारियों ने मुख्यालय से मांगा है। नागरिक अस्पताल में वाहर चोरी होना तो आम बात है। इसके अलावा दवा व ओपीडी पर्ची के लिए लगी लाइनों में भी कई बार जेब तराश वारदात को अंजाम दे देते हैं। साथ ही ठेके पर लगे कर्मियों व आउटसोर्स कर्मियों पर नजर रखने के लिए भी कैमरों का प्रयोग किया जाता है। जब भी अस्पताल में कोई वारदात होती है तो सबसे पहले कैमरों को ही खंगालने का काम किया जाता है। अब जब कैमरें खराब हैं तो चोरों को पकडऩे के लिए लगाए गए यह कैमरे किसी के काम के नही रहे हैं।



#### जल्द शुरू करवाए जाएंगे कैमरे

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है। अस्पताल में लगे सीसी टीवी कैमरों को भी शीघ्र शुरू करवाया जाएगा। इसके अलावा जो अन्य कार्य हैं, उन्हें भी तुरंत प्रभाव से सुचारू करवाया जाएगा।

#### रखरखाव का कार्य ठेके पर

नागरिक अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर कई तरह के रखरखाव के कार्य ठेके पर दिए गए हैं। इन कार्यों के लेकर एजेंसी को ठेका दिया जाता है। अस्पताल की थर्ड आई पर पुरा फोक्स दिया गया है। उम्मीद है कि सोमवार को इसे दुरूस्त कर दिया जाएगा।

### गाड़ी से मारी पुलिस चेक पोस्ट को टक्कर

**कैथल।** कैथल में जींद रोड बाइपास पर रविवार रात को एक तेज रफ्तार कार पुलिस चेक पोस्ट से टकरा गई। हादसे में गाड़ी में दो युवक सवार थे जिन्हें पुलिस कर्मचारियों व राहगीरों द्वारा गाडी से बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि युवक नशे की हालत में थे। कार टकराने से पुलिस पोस्ट गिर गई तथा सामने भी बिखर गया। गाड़ी इतनी तेजी से टकराई कि वह एकदम से पलट गई। अगर पुलिस कर्मचारी तेजी से बाहर न निकलते तो बड़ा हादसा हो सकता था। किसी की जान भी जा सकती थी। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने लोगों की सहायता से दोनों युवकों को गाड़ी से बाहर निकाला और जिला नागरिक अस्पताल में भिजवाया। दोनों युवकों को इस हादसे में काफी चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि मोड पर चालक का नियंत्रण बिगड़ गया।

## खबर संक्षेप

### संगठन ने मनाई संत रविदास की जयंती

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में किसान छात्र एकता संगठन द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती श्रद्धाए सम्मान एवं सामाजिक चेतना के साथ मनाई गई। इस अवसर पर छात्रों ने गुरु रविदास जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके उपदेशों को स्मरण किया। सुरेंद्र ने कहा कि गुरु रविदास जी ने विचारों से समाज को समानता, भाईचारे व सामाजिक न्याय का मार्ग दिखाया।

### जैजैवती में डेयरी का ताला तोड़कर चार पशु चुराए

**जींद।** जैजैवती में बीती रात चोरों ने पशु डेयरी का ताला तोड़ कर चार भैंसों को चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस ने डेयरी संचालक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना निवासी अजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने जैजैवती के निकट खेत में डेयरी बनाई हुई है। रात को चारा डाल कर कार्यवश घर चला गया।

### कूड़ा डस्टबिन में डालने का किया आह्वान

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने इंदिरा बाजार घंटाघर चौक और टाउन हॉल एरिया में स्वच्छता अभियान और जागरूकता अभियान चलाया। सेव संस्था द्वारा ये 453वां अभियान संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया। संस्था सदस्यों ने स्वच्छता का महत्व समझाते लोगों को कूड़ा डस्टबिन में डालने का आह्वान किया।

### संगतपुरा में मनाया गुरु रविदास का जन्मोत्सव

**जींद।** संगतपुरा में गुरु रविदास के जन्मोत्सव को ग्रामीणों द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं अपार उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर पूरे गांव को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा चारों ओर भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में महिला, पुरुषए युवा एवं बुजुर्ग सभी वर्गों के ग्रामीणों ने बढ़चढ़कर भाग लिया और संत गुरू रविदास के प्रति गहरी आस्था और श्रद्धा प्रकट की।

### नगूरां में संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाई

**अलेवा।** अलेवा क्षेत्र के नगूरां, बधाना, गोहियां, दुड़ाना, बिघाना समेत विभिन्न गांव में संत शिरोमणि रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर शोभा यात्राएं निकाली गई है। नगूरां गांव में अध्यक्षता अंबेडकर कमेटी प्रधान नरसी ने की तथा मुख्य रूप से संविधान बचाओ-समाज बचाओ के संयोजक डा. अनिल रंगा व वशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लाक समिति के चेयरमेन राहुल ने भाग लिया।

### भारत की संस्कृति गोसेवा के लिए जानी जाती है: अत्री

**उचाना।** श्री गौशाला बाबा फुल्लू साध उचाना खुर्द में 25 जनवरी से चल रहे हवन में पूर्णाहुति विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा दी। महात्मा फुल्लू साध का जन्म उत्सव आठ दिन तक मनाया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गौ सेवा आयोग चेयरमैन श्रवण कुमार भी पहुंचे। आसपास के लोग भारी संख्या में पहुंचे। विधायक ने कहा कि भारत की संस्कृति सदैव गौ सेवा के लिए जानी जाती रही है और प्रदेश सरकार निरंतर इसको आगे बढ़ा रही है।

### कैबिनेट मंत्री नरवाना की चोपड़ा पत्ती में गुरु रविदास जयंती समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे

# संतों की वाणी में सामाजिक एकता : बेदी

## गुरु रविदास प्रेरणा एवं सामाजिक चेतना की महान विभूति थेः कैबिनेट मंत्री

**संतों के बताए जीवन मूल्यों का अनुसरण करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि संतों की वाणी में सामाजिक एकता, करुणा एवं समरसता का संदेश सदैव समाहित रहता है। उनके विचारों से मनुष्य को मार्गदर्शन एवं जीवन में सद्भाव के साथ सतमार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। समाज को भाईचारा एवं आपसी प्रेम का अमर संदेश देने वाले ऐसे संतों में संत शिरोमणि गुरु रविदास सर्वोपरि थे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रविवार को नरवाना की चोपड़ा पत्ती में आयोजित गुरु रविदास जयंती समारोह में बतौर मुख्यअतिथि बोल रहे थे। गुरु रविदास के 649वें जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास प्रेरणा एवं सामाजिक चेतना की महान विभूति थे। जिन्होंने सैकड़ो वर्ष पहले ऐसे कालखंड में जन्म लिया जब रजवाड़ा शाही स्थापित थी और समाज में जातीय आधार पर छुआछूत अपने चरम पर थी। गुरु रविदास ने समाज में एकजूटता और समानता का प्रचार-प्रसार किया और अपने शिक्षाप्रद संदेशों से पूरी दुनिया को आत्मीयता के प्रति जागरूक किया। गुरु रविदास का मानना था कि मनुष्य जन्म व जाति से छोटा या बड़ा नहीं होता बल्कि मनुष्य की पहचान जीवन में किए जाने वाले उसके कर्मों से होती है। गुरु रविदास की वाणी और विचार दुनिया में संस्कारयुक्त जीवन जीने के लिए वर्तमान में भी बराबर प्रासंगिक है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गुरु रविदास के साथ-साथ अन्य सभी संत महापुरुषों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही सभ्य एवं संगठित समाज का निर्माण संभव है लिहाजा हम सभी को संतों की वाणी संदेश और आदर्शों का व्यापक प्रचार करना चाहिए, साथ ही संतों द्वारा दिए गए जीवन मूल्यों का अनुसरण करना चाहिए।


नरवाना। कार्यक्रम में भाग लेते मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो :हरिभूमि

#### यादों को संजीव रखने के लिए बनेगा संग्रहालय

संतों की जीवनियों से समाज में प्यार और करुणा का भाव पैदा होता है साथ ही तरक्की पसंद जीवन जीने के प्रति उत्साह वर्धन होता है। इस जमीन पर गुरु रविदास के नामकरण पर भव्य एवं आकर्षक स्मारक बनाने के लिए 98 करोड रुपए का टेंडर भी सरकार द्वारा मंजूर किया जा चुका है। स्मारक में गुरु रविदास की यादों को संजीव रखने के लिए संग्रहालय बनाया जाएगा। इसके अलावा संत शिरोमणि के जीवन पर शोध के लिए पूरा वातानुकूलित रिसर्च सेंटर व छात्रावास भी बनाया जाएगा और गुरु रविदास की 36 फीट ऊंची प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। मंत्री ने नरवाना के गुरु रविदास मंदिर के लिए स्वैच्छिक कोष से 11 लाख रुपये की राशि देने की भी घोषणा की साथ ही नगर परिषद द्वारा भी 11 लाख अतिरिक्त तौर पर मंजूर करवाए।


उचाना। गुरु रविदास जयंती पर पुष्प अर्पित करते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### गुरु रविदास ने समाज को समानता-भाईचारे और सेवाभाव का दिया संदेश : देवेंद्र अत्री

**उचाना।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज का 649वां प्रकटोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। अवसर पर मंदिर प्रांगण में सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया। विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। अत्री ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास ने समाज को समानताए भाईचारे और सेवा का संदेश दिया था। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से संत रविदास की शिक्षाओं को जीवन में उतारकर समाज उत्थान में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को गुरु महाराज व संत महात्माओं के दिखाए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। क्योंकि इन्हीं के दिखाए हुए मार्ग का अनुसरण करके जीवन धन्य हो सकता है। इस अवसर पर उन्होंने सभी को संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती की शुभकामनाएं भी दी। विधायक ने कहा कि अब से पहले जो सरकार थी उनमें व्यक्ति विशेष के जन्म दिवस मनाए जाते थे। अपने परिवार के नाम से बड़े-बड़े संस्थानों के नाम रखे जाते थे।




#### जुलाना में धूमधाम से मनाई संत गुरु रविदास जयंती

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के वार्ड नंबर तीन में संत गुरु रविदास की 649वीं जयंती बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाई। कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और संत गुरु रविदास के विचारों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार को अखंड पाठ के आयोजन के साथ हुई रात को जागरण का आयोजन किया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लिया। इसके उपरांत रविवार को सुबह विधिवत हवन व यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की सुख, शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सभी वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण कर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी ने शिरकत की। कहा कि संत गुरु रविदास ने समाज से ऊंच-नीच और भेदभाव को समाप्त करने का कार्य किया।


कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्मवीर सैनी।

#### गुरु रविदास का जीवन सामाजिक समता की स्थापना का आधार : सैनी

**जींद।** हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज का जीवन और दर्शन सामाजिक समता, आत्मसम्मान और मानव गरिमा की स्थापना का सशक्त आधार है। गुरु रविदास जी केवल संत नहीं थेए बल्कि वे ऐसे महान समाज सुधारक थे। जिन्होंने भक्ति को सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम बनाकर सदियों से चली आ रही ऊंच-नीच, भेदभाव और छुआछूत जैसी कुरीतियों को चुनौती दी। कर्मवीर सैनी रविवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती के अवसर पर पिल्लूखेड़ा एवं रामपुरा सफीदों में आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्यअतिथि संबोधित कर रहे थे। गुरु रविदास जी को श्रद्धापूर्वक नमन करते कहा कि भारत की संत परंपरा में गुरु रविदास जी उन अग्रणी महापुरुषों में शामिल हैं। जिन्होंने सिद्ध किया कि मनुष्य की महानता जन्म से नहीं बल्कि उसके कर्म विचार व आचरण से निर्धारित होती है।

# डा. प्रीति की टीम ने ग्रीन एनर्जी थीम में तृतीय स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सरकार द्वारा छात्रों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए 31 जनवरी और एक फरवरी 2026 को गुरुग्राम के एससीईआरटी में राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन करवाया। जिला जींद से जीएसएसएस ढिगाना स्कूल की साइंस विभाग की डा. प्रीति की टीम ने ग्रीन एनर्जी थीम में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। शिक्षा विभाग के एसीएस विनीत गर्ग ने जींद की डा. प्रीति को ईनाम से सम्मानित किया व टीम के छात्रों के खाते में ईनाम राशि भी दी गई। जीएसएसएस ढिगाना स्कूल की साइंस विभाग की डा. प्रीति ने बताया कि इस मॉडल में यह बताया गया कि कूड़े को कुछ रासायनिक अभिक्रिया द्वारा कम लागत में हाइड्रोजन में बदला जा सकता है। जिसका उपयोग बिजली बनाने और वाहन को चलाने मे कर सकते हैं। डा. प्रीति की टीम द्वारा बनाए गए इस मॉडल का उपयोग महानागरों में कूड़े की समस्या का निवारण किया जा सकता है। प्रदर्शनी में सात विषयों में 22 जिलों से 154 मॉडल प्रस्तुत किए थे। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा और औद्योगिक मंत्री राव नरबीर सिंह इस प्रदर्शनी में मुख्यअतिथि के तौर पर शामिल हुए थे।



राज्यस्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में सम्मानित होते हुए डा. प्रीति।

# महिलाएं जनकल्याणकारी योजनाओं का उठाएं लाभ

- शक्ति केंद्र और बूथ अध्यक्ष बैठक में बोली नप चेयरपर्सन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद जिला की जुलाना विधानसभा के तहत रामराय मंडल के गांव रामगढ़, घिमाना ओर बहबलपुर में शक्ति केंद्र एवं बूथ अध्यक्ष बैठकों का आयोजन किया गया। जींद नगर परिषद से चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने बतौर मंडल प्रभारी के रूप में शिरकत की। डा. अनुराधा सैनी के शक्ति केंद्रों के प्रवास के दौरान महिलाओं ने फूलमालाओं ओर पटके पहना कर भव्य स्वागत किया। डा. अनुराधा सैनी ने बैठक में महिला सशक्तिकरण, मन की बात, महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को प्रोत्साहन, सरल एप से जुड़ी जानकारी सहित संगठन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से सार्थक चर्चा की। गांव की महिलाओं के फोन में सरल एप डाउनलोड करवाई ओर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के साथ अनेकों योजनाओं को जानने के लिए जागरूक किया। इस दौरान क्षेत्र की माता व बहनों एवं परिवारजनों से आत्मीय संवाद भी हुआ। डा. अनुराधा सैनी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से संबंधित विषयों को लेकर पंच, सरपंच और ग्रामीण महिलाओं से चर्चा की ताकि कोई भी महिला सरकारी योजनाओं से वंचित न रह जाए। डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा की महिलाओं और स्कूली बच्चों के लिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए अनेकों परियोजनाओं का संचार किया है। स्कूल में पढने से लेकर लड़कियों की शादी तक का खर्च सरकार उठाती है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मुकेश रामराये, शिवकुमार सरपंच बहबलपुर, सुंदर पंवार सरपंच, सुंदर घिमाना, खुशबू मंडल महामंत्री, सुंदर सिंह, सतीश कुमार, रोशन वाल्मीकि, अनिल सैनी, प्रदीप कुमार के साथ सभी बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र के पदाधिकारी एवं सम्मानित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


जींद। महिलाओं से मिलते डा. अनुराधा सैनी। फोटो :हरिभूमि

#### शहीद मदनलाल को दी श्रद्धांजलि

**जींद ।** मैढ सुनार सभा जींद द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ट अधिकारी एवं मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव रहे स्वर्गीय शहीद मदन लाल वर्मा की 34वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। स्थानीय रानी तालाब पर शहीद मदनलाल वर्मा की प्रतिमा पर मैढ सुनार सभा जींद के प्रधान सत्यनारायण सोनी की अगुवाई में समाज के गणमान्य लोगों ने फूलमालाएं डाल कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और शहीद मदनलाल वर्मा की भांति ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करने और शहर को स्वच्छ व नशामुक्त बनाने के लिए अभियान चला कर लोगों को जागृत करने की शपथ भी ली। सभा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं उपप्रधान रमेश वर्मा, नरेश सोनी, महासचिव राममेहर वर्मा ने बताया कि आज से 34 वर्ष पूर्व स्वर्गीय मदनलाल वर्मा, उनकी धर्मपत्नी प्रिति वर्मा व दोनों बेटे गौरव व सौरव के अलावा उनके चालक राजबीर सिंह व गनमैन सतबीर सिंह पंजाब में फैले उग्रवाद की वजह से उग्रवादियों के हाथों शहीद हो गए थे।


जींद। शहीद मदनलाल को नमन करते समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि


जींद। विजेता बच्चे चेयरमेन और प्रिंसिपल के साथ। फोटो :हरिभूमि

#### कनिष्का और मानवी ने पाया प्रथम स्थान

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के दो होनहार विद्यार्थियों कनिष्का और मानवी ने अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उपलब्धि से न केवल विद्यालय का नाम रोशन हुआ बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढने की प्रेरणा मिली। जिसमें प्राचार्य ने दोनों विद्यार्थियों को मंच पर बुला कर सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र ने कनिष्का व मानवी को बधाई देते कहा कि यह सफलता केवल अंक या पदक तक सीमित नही है बल्कि आपके निरंतर परिश्रम, आत्मविश्वास और सीखने की ललक का परिणाम है। यह सिद्ध कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची होए तो कोई भी उपलब्धि असंभव नहीं होती। कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंग्रेजी ओलंपियाड जैसे प्रतियोगी मंच पर सफलता प्राप्त करना आसान नहीं होता है। क्योंकि इसमें देश व विदेश के हजारों प्रतिभाशाली विद्यार्थी भाग लेते हैं। ऐसे में प्रथम स्थान प्राप्त करना असाधारण उपलब्धि है।

#### मेधावियों को स्कूटी-साइकिल देकर किया सम्मानित

**जुलाना।** गतौली गांव के छोटूराम मॉडल स्कूल में वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। अध्यक्षता स्कूल के डायरेक्टर जितेंद्र ढ़ांडा ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बोर्ड के चेयरमैन अमरपाल राणा ने शिरकत की। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन जितेन्द्र ढांडा एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्तिए सामाजिक संदेश और संस्कृति से जुड़ी प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने नाटक के माध्यम से किसान की दुर्दशा और नेताओं पर कटाक्ष कर भावुक प्रस्तुती से लोगों का मन मोह लिया। अवसर पर विद्यालय में शैक्षणिक खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को स्कूटी एवं साइकिल देकर सम्मानित किया गया। इस पहल से छात्रों में उत्साह का माहौल देखने को मिला व अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत के लिए प्रेरणा मिली।



जुलाना। कार्यक्रम में प्रस्तुती देते छात्र। फोटो :हरिभूमि


नरवाना। शोभा यात्रा में मौजूद श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

#### वार्षिकोत्सव शोभायात्रा में झूम श्रद्धालु

**नरवाना।** बाबा गैबी साहब मंदिर का वार्षिकोत्सव आज से शुरू हो गया। दोपहर बाद लगभग तीन नगर परिक्रमा शुरू हुई जो सनातन धर्म मंदिर खादी चौक से शुरू होकर पंजाबी चौक होते हुए बाबा गैबी साहब मंदिर पहुंची। पूरी नगर परिक्रमा में श्रद्धालु झूम उठे नाचते गाते हुए चल रहे थे। पूरा क्षेत्र नरवाना शहर बाबा की मस्ती में डूबा हुआ था। सामाजिक संस्थाओं द्वारा जगह जगह स्वागत द्वार लगाए गए। जगह-जगह सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं ने श्रद्धालुओं के लिए चाय पानी, पकौड़े, फल आदि के स्टाल भी लगा रखे थे। ध्वज कलशयात्रा 1100 महिलाओं ने भाग लिया। महंत अजय गिरी जी महाराज व कथावाचक धर्मपाल जी नाभा वाले बग्गी में सवार होकर शोभायात्रा में शामिल थे। हर रोज भागवत कथा कथावाचक धर्मपाल नाभा वाले शाम तीन बजे से प्रभु इच्छा तक अपने मुखारविंद से करेंगे। आठ फरवरी दिन रविवार को सुबह हवन यज्ञ करके भंडारा लगाया जाएगा। शोभायात्रा में शेरा मोर, तरसेम शर्मा, पार्षद आशुतोष शर्मा, नरेश गोयल, विनोद मंगला, सुभाष चहल, भारत भूषण, महेंद्र गर्ग, माला चोपड़ा, बीरबल शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# लेक्चरर रमेश शर्मा को सेवानिवृत्ति पर स्टाफ कर्मियों ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

घोघड़ियां गांव के राजकीय कन्या हाई स्कूल में लेक्चरर रमेश शर्मा की सेवानिवृत्ति पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें गांव के सरपंच प्रतिनिधि दीपक बूरा, महेंद्र शर्मा, रामरतन शर्मा, संजय, समेत मौजिज लोग शामिल हुए। स्कूल स्टाफ सदस्यों ने रमेश शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए कहा कि रमेश शर्मा ने हमेशा अनुशासन में रह कर ईमानदारी से अपनी ड्यूटी की और बेटियों की शिक्षा में सुधार के लिए व्यक्तिगत रूप से अहम भूमिका निभाई। रमेश शर्मा ने साल 1995 में सिरसा में पीआरटी टीचर के रूप में ज्वायन किया था। इसके बाद वह साल 2005 में टीजीटी के रूप में प्रमोट हुए और घोघड़ियां के सरकारी स्कूल में नियुक्त हुए। साल 2016 में रमेश शर्मा पीजीटी के रूप में प्रमोट हुए और उनकी ड्यूटी घोघड़ियां के कन्या हाई स्कूल में बतौर लेक्चरर आई। स्कूल में कार्यक्रम के बाद रमेश शर्मा को ढोल.नगाड़ों के साथ घर तक लाया गया। रमेश शर्मा के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में परिवार, स्कूल स्टाफ के अलावा कई प्रमुख शिक्षाविद शामिल हुए। सरपंच प्रतिनिधि दीपक ने रमेश शर्मा को शॉल भेंट किया और अध्यापकों ने भी उन्हें सम्मानित किया।


उचाना। सेवानिवृत्ति पर विदाई देते हुए स्कूल स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

**कार्यक्रम** मिशन नो नशा नेशन के तहत सीआरएसयू में 100 कुंडीय यज्ञ समारोह संपन्न

# भारतीय संस्कृति में हवन जीवन और पर्यावरण की शुद्धता का प्रतीकः सैनी

**नशा मुक्त राष्ट्र का निर्माण केवल सरकार के प्रयासों से नही बल्कि हर नागरिक की भागीदारी से ही संभव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय संस्कृति में हवन, यज्ञ को जीवन, मन और पर्यावरण की शुद्धता का प्रतीक बताते हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने कहा कि आज नशा हमारे युवाओंए परिवारों और पूरे राष्ट्र के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। जिस प्रकार यज्ञ की पावन अग्नि वातावरण को शुद्ध करती है, उसी प्रकार नशा मुक्ति का संकल्प हमारे मन, बुद्धि और समाज को स्वच्छ एवं सशक्त बनाता है। नशा मुक्त राष्ट्र का निर्माण केवल सरकार के प्रयासों से नही बल्कि प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। कर्मवीर सैनी रविवार को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आर्य युवा समाज एवं डीएवी स्कूल के सौजन्य से ष्मिशन नो नशा नेशन अभियान के तहत आयोजित 100 कुंडीय यज्ञ समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी नशा मुक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए विशेष अभियान चला रहे हैं। इन अभियानों की सफलता तभी सुनिश्चित होगी। जब समाज का हर वर्ग, विशेषकर युवा नशे के विरुद्ध सकारात्मक सोच और दृढ़ संकल्प के साथ आगे आएगा। राज्य सूचना आयुक्त कर्मवीर सैनी ने छात्रों और उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि वे इस 100 कुंडीय यज्ञ की पावन अग्नि को साक्षी मानकर संकल्प लें कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे।


जींद। यज्ञ में आहुति डालते कर्मवीर सैनी व अन्य। फोटो :हरिभूमि

#### नशे से दूर रहने का आह्वान

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग पंचकूला के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी एवं प्राचार्य रश्मी विद्यार्थी ने भी यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डाला और मिशन नो नशा नेशन अभियान की विस्तृत जानकारी दी। युवाओं से नशे के दुष्परिणामों को समझाते इससे दूर रहने का आह्वान किया। इस दौरान मुख्य यज्ञ के साथ-साथ विद्यालय के सौ छात्र.छात्राओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ 100 कुंडीय यज्ञ को विधिवत संपन्न कराया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता बलवान लोहान, जिला पार्षद विनोद सैनी आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### डीएवी पब्लिक स्कूल में हुआ 100 कुंडीय हवन

**गुहला-चीका।** डीएवी पब्लिक स्कूल चीका द्वारा नो नशा नेशन अभियान के अंतर्गत 100 कुंडीय वैदिक हवन एवं नशा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गुहला के सामाजिक पार्क नंबर-21 स्थित हवन स्थल पर किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मैनेजिंग कमेटी प्रधान पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी के मार्गदर्शन तथा आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या संध्या बठला ने की। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई नशा विरोधी जागरूकता रैली से हुई। इसके पश्चात 100 कुंडीय हवन यज्ञ, भजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों और इसके कारण परिवार पर पड़ने वाले प्रभावों को भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर तथा विशिष्ट अतिथि मार्केट कमेटी के उपाध्यक्ष मांगेराम जिंदल उपस्थित रहे।

### तलाकशुदा व विधवाओं तीन लाख के ऋण की सुविधा

**कैथल।** हरियाणा महिला विकास निगम की जिला प्रबंधक शशिबाला ने बताया कि विभाग द्वारा विधवा, तलाकशुदा और कानूनी रूप अलग महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए तथा स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से तीन लाख रुपये तक का ऋ ण दिलाया जा रहा है। जिला कैथल के लिए 40 केसों का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत जिन महिलाओं की वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक तथा आयु 18 से 60 वर्ष है, इस योजना की पात्र होंगी। इसमें कुल ऋण का 10 प्रतिशत हिस्सा महिला को स्वयं वहन करना होगा तथा शेष राशि बैंकों के माध्यम से दी जाएगी। योजना से महिलाओं को काफी राहत मिलेगी।

### रक्तदान आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत : अशोक

**कैथल ।** पतंजलि योग समिति कैथल द्वारा समाजसेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए कैथल के सनसिटी बैंकेंट हाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने शिरकत कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। शिविर में पहुंचने पर आयोजकों ने अशोक गुर्जर का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अशोक गुर्जर ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया। अशोक गुर्जर नें कहा कि रक्तदान महादान है, जो किसी जरूरतमंद के जीवन की रक्षा करता है। आज के समय में ऐसे आयोजनों की अत्यंत आवश्यकता है, क्योंकि यह समाज में संवेदनशीलता, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने युवाओं से आगे आकर रक्तदान जैसे कार्यों में भाग लेने का आह्वान किया।

## कार्यक्रम में भजन-कीर्तन और सत्संग से आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया पूरा वातावरण

**गुरु रविदास एक संत नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति के महान अग्रदूत**

# संत गुरु रविदास ने समाज को दिया समरसता और समानता का संदेश : लीला राम


कैथल। पूर्व विधायक लीला राम का स्वागत करते समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

गांव खुराना में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज की 649वीं जयंती का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रविदास मंदिर परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व विधायक लीला राम ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर मंदिर समिति और ग्रामवासियों द्वारा उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु रविदास जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात भजन-कीर्तन और सत्संग का आयोजन हुआ, जिसमें संत रविदास जी की अमृतवाणी का पाठ किया गया। भक्तिमय भजनों से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। श्रद्धालु गुरु रविदास जी के उपदेशों का स्मरण करते हुए समाज में प्रेम, भाईचारे और समानता का संकल्प लेते नजर आए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक लीला राम ने अपने संबोधन में संत रविदास जी के जीवन और विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज केवल एक संत नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति के महान अग्रदूत थे।

### संत रविदास की शिक्षाएं समाज के लिए मार्गदर्शक : सतपाल



**पूंडरी ।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की 649वीं जन्मजयंती के पावन अवसर पर पुंडरी विधानसभा क्षेत्र पूरी तरह श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के रंग में रंगा नजर आया। विधायक सतपाल जांबा ने क्षेत्र के लगभग सभी गांवों में पहुंचकर गुरु रविदास के आश्रमों व जयंती कार्यक्रमों में मत्था टेका और भक्तजनों के साथ श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। विधायक जांबा ने कहा कि संत रविदास जी की शिक्षाएं आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने समानता, प्रेम, भाईचारे और मानवता का जो संदेश दिया, वह सर्वसमाज के कल्याण के लिए है। हमें उनके दिखाए रास्तों पर चलकर समाज में आपसी सौहार्द को मजबूत करना चाहिए। 649वीं जन्मजयंती के अवसर पर हर गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। भजन-कीर्तन, प्रभात फेरियां और धार्मिक आयोजनों के बीच पूरा पुंडरी विधानसभा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। विधायक सतपाल जांबा ने सभी क्षेत्रवासियों को गुरु रविदास जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे पावन पर्व समाज को जोड़ने और सकारात्मक सोच को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी का संदेश आज की पीढ़ी के लिए भी उतना ही प्रासंगिक है। विधायक के गांव-गांव जाकर मत्था टेकने और आमजन से सीधे जुड़ने की पहल की क्षेत्रवासियों ने सराहना की। लोगों ने कहा कि विधायक सतपाल जांबा हर वर्ग के साथ समान भाव से जुड़कर कार्य कर रहे हैं, जिससे जनता में उनके प्रति विश्वास और सम्मान और भी मजबूत हुआ है।

### रविदास जयंती पर श्रद्धालुओं ने निकाली भव्य शोभा यात्रा



**राजौंद ।** जींद रोड़ पर संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास आश्रम में रविदास जयंती पर हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। एक दिन पूर्व शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा आश्रम से शुरू होती हुई जींद रोड, इंदिरा आवास कॉलोनी से कैथल रोड, रोहेड़ा रोड, असंध रोड व मंडवाल रोड व पुंडरी मार्ग से होती हुई वापिस आश्रम पहुंची। आश्रम के सेवादारों ने बड़ी धूमधाम से यात्रा में गुरु रविदास के भजनों के माध्यम से डीजे की थाप पर झूम रहे थे। ट्रैक्टर.ट्रॉली जीप और पैदल लंबा काफिला जिसमें भारी संख्या में महिला, पुरुष, युवा व बच्चों ने बढ़ चढ़कर शोभायात्रा में भाग लिया। गुरु रविदास जयंती की शुभकामनाएं देते हुए आयोजकों ने कहा कि ऐसे पावन पर्व समाज को जोडने और सकारात्मक सोच को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी का संदेश आज की पीढ़ी के लिए भी उतना ही प्रासंगिक है। संत रविदास जी की शिक्षाएं आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने समानता, प्रेम, भाईचारे और मानवता का जो संदेश दिया, वह सर्वसमाज के कल्याण के लिए है। हमें उनके दिखाए रास्तों पर चलकर समाज में आपसी सौहार्द को मजबूत करना चाहिए। राजौंद में जयंती के अवसर पर उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। इस दौरान शोभायात्रा भी निकाली गई। इसके अलावा रविवार को हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास आश्रम में भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### गुरु रविदास जयंती पर श्रद्धालुओं ने किया नमन



**पूंडरी ।** गुरु रविदास केवल एक महान संत ही नहीं, बल्कि सामाजिक सुधारक, दार्शनिक और मानवता के प्रबल प्रवक्ता थे। यह शब्द मार्केट कमेटी पाई के चेयरमैन कृष्ण शर्मा पिलनी ने गांव पिलनी में आयोजित गुरु रविदास जयंती कार्यक्रम के अवसर पर कहे। इस अवसर पर उनके साथ समाजसेवी संदीप शर्मा ने भी शिरकत की उन्होंने अपने विचारों और वाणी के माध्यम से समाज में व्याप्त ऊंच-नीच, जाति-पांति और भेदभाव को समाप्त करने का संदेश दिया। गुरु रविदास जी का जन्म ऐसे समय में हुआ, जब समाज अनेक कुरीतियों से ग्रस्त था। उन्होंने निर्भीक होकर कहा कि मनुष्य की पहचान उसके कर्म, आचरण और मानवता से होती है, न कि जन्म या जाति से। उनकी वाणी आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी उस समय थी। उन्होंने "मन चंगा तो कठौती में गंगा" जैसे अमर विचार देकर यह स्पष्ट किया कि सच्ची पवित्रता बाहरी आडंबरों में नहीं, बल्कि अंतःकरण की शुद्धता में है। गुरु रविदास ने ऐसे समाज की कल्पना की, जहाँ सभी को समान अधिकार, सम्मान और अवसर मिलें। उनका "बेगमपुरा" का सपना एक ऐसे आदर्श समाज का प्रतीक है, जहाँ न कोई दुखी हो, न कोई शोषित, और न ही किसी के साथ अन्याय हो।

## बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर सरकार हुई सजग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्थापित आंगनबाड़ी केंद्रों व प्ले स्कूलों के नन्हें-मुन्नें बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर सरकार सजग नजर आ रही है। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों के अंतर्गत विद्यार्थियों के हृदय की धडक़न, दांतों, आंखों व सामान्य शारीरिक जांच की जा रही है। ताकि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या का समय रहते पता लगाया जा सके। इसी कड़ी में कलायत क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग के प्ले स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्ले स्कूल प्रभारी नीलम धानियां की मौजूदगी में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों की जांच की। शिविर में डा.सतीश कुमार ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की बारीकी से जांच करते हुए उनकी लंबाई, वजन, आंखों की रोशनी, दांतों की स्थिति व दिल की धडक़न की जांच की।


कलायत। बच्चों की स्वास्थ्य जांच करते डॉ. सतीश कुमार व मौजूद स्टाफ

**बच्चों को अच्छी आदतों की दी सीख**

*बच्चों को हाथ धोने, दांतों की सफाई और साफ पानी पीने जैसी आदतों के बारे में सरल तरीके से समझाया गया। शिविर के दौरान बच्चों में उत्साह देखने को मिला और उन्होंने स्वास्थ्य टीम के साथ सहजता से सहयोग किया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य जांच शिविर आंगनबाड़ी केंद्रों और प्ले स्कूलों में लगातार आयोजित किए जाएंगे ताकि बच्चों को स्वस्थ, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य दिया जा सके।*

### वरिष्ठ नागरिक कल्याण के लिए सरकार ने मांगे आवेदन

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायतों और स्वयंसेवी संस्थाओं के लिए राज्य पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार विभिन्न श्रेणियों में पात्र व्यक्तियों और संस्थाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए जाएंगे। इच्छुक आवेदक अपनी उपलब्धियों के प्रमाण-पत्र और सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित विभाग के पोर्टल पर 5 फ़रवरी तक आवेदन कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमितेंद्र श्योकंद ने बताया कि इस वर्ष कुल 10 श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए जाने हैं। व्यक्तिगत श्रेणियों में शतायु पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ माता पुरस्कार, साहस और वीरता पुरस्कार, लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार और वरिष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार शामिल हैं।

## कंप्यूटर प्रोफेशनल को सरकार की ओर से नहीं मिलता कोई भत्ता : सुशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश कार्य समिति की बैठक अग्रसेन धर्मशाला अनाज मंडी जिला कैथल में संपन्न हुई। मीटिंग की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विजय सिंह ने की और मीटिंग का संचालन प्रदेश के महामंत्री सुशील कुमार ने किया। मुख्य वक्ता पवन कुमार, संगठन मंत्री उत्तर क्षेत्र भारतीय मजदूर संघ, सोहनलाल गुप्ता, हवा सिंह मेहला, हवा सिंह तंवर, धर्मेंद्र, संजीव बाता, सुरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे। सुशील कुमार ने कहा कि हम हरियाणा प्रदेश की आम जनता को 1031 सेवाएं प्रदान करते हैं, डिट्स के हजारों कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज सरल केन्द्रो माध्यम से प्रतिदिन हजारों लोगों को हरियाणा सरकार की सेवाओं का लाभ पहुंचाने का काम करते हैं, इसके अलावा चुनाव आयोग द्वारा पंचायत से लेकर लोकसभा तक के आम चुनाव में भी इन्ही कंप्यूटर प्रोफेशनल की ड्यूटी एक-एक महीने पहले लग जाती है, और चुनाव संपन्न होने के 10 दिन बाद तक भी सभी रिपोर्ट को संपन्न करने का कार्य करते हैं, जिनका उन्हें कोई मानदेह व भत्ता नहीं मिलता हम सरकार का महत्वपूर्ण से महत्वपूर्ण कार्य करते हैं।


कैथल। कार्यक्रम का शुभारंभ करते पदाधिकारी।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में अरुण, सुरेंद्र, प्रमोद, नेहा, संदीप राठी, सुभाष, सुनील मेहरा, अनिल कुमार, देवीलाल, सोनू, अजय कुमार, राजेश गौतम, सुखविंदर, प्रवीण, राजीव सहारण, श्वेता, जितेंद्र काद्यान्न, भवरलाल, सतपाल जडौला आदि उपस्थित रहे।

### पंजाबी सेवा सदन में इसी माह में शुरू होगा कंप्यूटर कोर्स का नया सत्र

**कैथल।** 1 फरवरी पंजाबी सेवा सदन परिसर में हर माह की तरह आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की। प्रधान प्रदर्शन परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर माह की तरह आज भी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संस्था द्वारा राशन वितरित किया गया जो कि हर माह के पहले रविवार को दिया जाता है। परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि फरवरी माह की राशन सेवा में संस्था के वरिष्ठ सदस्यों सतीश सोनी व डॉ पवन थरेजा ने सहयोग राशि दी। उन्होंने बताया कि संस्था जंहा गरीबों को राशन देने का कार्य कर रही है वंही देश हित में व प्रशासन के सहयोग के लिए अग्रणी भूमिका में रहती है उन्होंने आगे बताया कि संस्था को किसी भी रूप में मिली आर्थिक सहायता को जनकल्याण व जरूरतमंद लोगों की सेवा ,सहायता में खर्च कर दिया जाता है। पंजाबी सेवा सदन के रखरखाव के लिए मुरम्मत व साफ सफाई का कार्य भी चलता रहता है प्रधान ने आगे बताया कि सदन परिसर में बने कंप्यूटर केंद्र का नया सत्र फरवरी माह में शुरू होने जा रहा है। कंप्यूटर कोर्स करने के इच्छुक पंजाबी सेवा सदन में संपर्क कर सकते हैं। सभी कोर्स मुफ्त करवाए जाते हैं। पंजाबी सेवा सदन के सौंदर्यकरण व जनता की जरूरत के लिए मुख्य द्वार का टेंडर लगाया जा चुका है और जल्द ही मुख्य द्वार का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। प्रधान ने जानकारी देते हुए बताया कि दूसरे देशों से दान प्राप्ति के लिए बैंक खाता खुलवाने की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है।

## रामलीला मैदान में होगा हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

8 फरवरी को सीवन के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। आयोजन समिति द्वारा घर-घर जाकर समाज के विभिन्न वर्गों को सम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण दिया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ संत, वैदिक आचार्य एवं सनातन संस्कृति के मार्गदर्शक महंत रामस्वरूप शास्त्री तथा आध्यात्मिक संत व सामाजिक चिंतक संत छविराम दास सीवन पहुंचे और तैयारियों की समीक्षा की। अशोक गोयल के कार्यालय में आयोजित बैठक में सम्मेलन के संयोजक डॉ. रामनिवास शर्मा एवं सह-संयोजक अशोक गोयल ने बताया कि सभी सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं और प्रचार कार्य तेजी से चल रहा है। सम्मेलन को गरिमामय और अनुशासित रूप देने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में महंत रामस्वरूप शास्त्री ने कहा कि हिंदू कोई संकीर्ण पहचान नहीं, बल्कि एक वैदिक जीवन पद्धति है, जो सत्य, अहिंसा, करुणा, सेवा और सहिष्णुता जैसे मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज भिन्न-भिन्न परंपराओं और पूजा-पद्धतियों से जुड़ा है, लेकिन इसकी आत्मा एक ही सांस्कृतिक चेतना से जुड़ी हुई है।


सीवन। हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक करते संत व अन्य।

### रामगढ़ पाडंवा में गीता भुक्कल ने किया गुरु रविदास की भव्य प्रतिमा का अनावरण

**कलायत।** गांव रामगढ़ पांडवा अपनी ससुराल में रविवार को प्रदेश की पूर्व केबिनेट मंत्री एवं झज्जर से मौजूदा विधायक गीता भुक्कल भावुक हो उठी। अवसर था भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति द्वारा गांव में गुरु रविदास की भव्य प्रतिमा के अनावरण का। इस समारोह में गीता भुक्कल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंची। समारोह स्थल पर पहुंचने से पहले गीता भुक्कल का कलायत स्थित नेशनल हाईवे बाईपास से लेकर गांव रामगढ़ पांडवा तक गाजेबाजे एवं पुष्प वर्षा के बीच पुरजोर अभिनंदन किया गया। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की प्रतिमा के अनावरण की परंपरा का निवर्हन कलायत स्थित श्री रैदास तख्त के महंत महात्मा गुरु प्रसाद ने विधि विधान से पूर्ण करवाया। भक्ति आंदोलन के प्रवर्तक संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार से जुड़े इस कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाएं, बड़े-बुजुर्ग, युवा व बच्चे उत्साह एवं उमंग के साथ शामिल हुए। भु क्कल ने अपने संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती की बधाई देते हुए निजी कोष से संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के मंदिर के विकास के लिए 11 लाख रुपए के अनुदान की घोषणा की।



**धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज**

### पंडित जसराज की जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह दो को

**कैथल ।** भारतीय शास्त्रीय संगीत के विश्वविख्यात गायक, पद्म विभूषण पंडित जसराज की जयंती के अवसर पर आगामी 2 फरवरी यानी सोमवार को उनके पैतृक गांव पीली मंदोरी (जिला फतेहाबाद) में एक भव्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। प्रदेशभर के सभी गायक और लोक कलाकार इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में आमंत्रित है। यह जानकारी जिला प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि पंडित जसराज की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में कला और संगीत जगत के कई बड़े सितारों के पहुंचने की संभावना है। प्रशासन और आयोजकों के अनुसार, मुंबई से पंडित जी के परिजनों के साथ-साथ देश के विख्यात गायक भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। बॉलीवुड गायक सोनू निगम और भजन सम्राट अनूप जलोटा जैसे दिग्गज कलाकारों के इस कार्यक्रम में शामिल होने की प्रबल आशा है। बता दें कि मेवाती घराने की विरासत पंडित जसराज का जन्म फतेहाबाद के छोटे से गांव पीली मंदोरी में हुआ था। उन्होंने मेवाती घराने की गायकी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। उनकी सुरीली आवाज और आध्यात्मिक गायन ने दशकों तक शास्त्रीय संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया। उनके जन्मस्थान पर इस बड़े आयोजन का होना पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पुख्ता इंतजाम किए हैं। गाँव पीली मंदोरी में इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए भारी संख्या में संगीत प्रेमियों के जुटने की उम्मीद है।

**कार्यक्रम** | शहर में छात्रों ने निकाली नशा जागरूकता रैली

**द्वितीय चरण में हुआ नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता रैली का आयोजन**

# कुंडीय हवन में ओएसडीएवी विद्यालय के 100 छात्रों ने एक साथ लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

'नशा मुक्त राष्ट्र' का संदेश जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से डीएवी संस्था के प्रधान आर्यरत्न पूनम सूरी एवं आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के तत्वावधान में ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ के मार्ग निर्देशन में विद्यार्थियों तथा शिक्षक वर्ग द्वारा 'नो नशा नेशन' के द्वितीय चरण का आयोजन स्थानीय नई अनाज मंडी मॉडल टाउन में किया गया। जिसके अंतर्गत 100 कुंडीय हवन , नुक्कड़ नाटक, भजन, जागरूकता रैली आदि शामिल थे। इस कार्यक्रम में नशा मुक्ति तथा युवाओं में स्वस्थ जीवन शैली एवं सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करने हेतु मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास अभिकरण, कैथल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश राविश स्कूल प्रबंधक जे. एस नैन तथा क्षेत्रीय अधिकारी सुमन निझावन व शहर के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत युवा वर्ग को नशे के प्रति जागरूक करती रैली से की गई जो शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई निर्धारित स्थान नई अनाज मंडी मॉडल टाउन तक पहुंची। रैली में छात्रों ने हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर नारे लगाए, जिनमें "नशा छोड़ो, जीवन संवारो", "स्वस्थ युवा, सशक्त भारत" जैसे संदेश शामिल थे। तत्पश्चात भजन, 100 कुंडीय हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के 100 विद्यार्थियों ने एक ही समय पर हवन किया। इसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावको एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर नशे से दूर रहने और परिवार, मित्रों के साथ मिलकर स्वस्थ जीवन जीने तथा प्रेमपूर्वक रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने डी. ए. वी. संस्था द्वारा उठाए गए इस सराहनीय एवं दूरदर्शी कदम की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं और साथ ही विद्यार्थियों को नशे से उत्पन्न होने वाले घातक दुष्परिणामों से अवगत



कैथल। प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए

**नशा मुक्त बने देश**

*प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ ने बताया कि डीएवी संस्था द्वारा हरियाणा के 100 स्कूलों और 16 कॉलेजों में आज विद्यार्थियों द्वारा 100 कुंडीय हवन का आयोजन किया जा रहा है ताकि पूरा राष्ट्र नशे से मुक्त हो सके।*

### नो नशा नेशन कैंपेन में लोगों को किया जागरूक

**पूंडरी।** डीएवी संस्था के दूरदर्शी अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी के मार्गदर्शन तथा आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के गतिशील नेतृत्व में चलाए जा रहे नो नशा नेशन कैंपेन के अंतर्गत आज पुंडरी के हुड्डा स्थित दयानंद पार्क में 100 कुंडीय हवन-यज्ञ का आयोजन डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल पूंडरी द्वारा किया गया। इस आध्यात्मिक एवं सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम में नशे के खिलाफ समाज को एकजुट करने का संदेश दिया गया। हवन-यज्ञ में नगरपालिका चेयरपर्सन बबली गोस्वामी, राकेश गोस्वामी, समाजसेवी अजीत बक्शी, नपा पार्षद एवं पूर्व अनाज मंडी प्रधान सतीश हजवाना सहित पूंडरी के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसके साथ ही स्कूल के छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं स्टाफ सदस्यों ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और हवन में आहुतियां अर्पित कीं।

## बजट को लेकर हरिभूमि ने विभिन्न वर्ग के लोगों से की बातचीत

# बजट 2026 : सत्ता पक्ष ने की सराहना तो विपक्ष ने बताया बेहद निराशाजनक

**केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में पेश किए गए बजट को जहां सत्ता पक्ष के लोगों ने खूब सराहते हुए इसे जनहितैषी व विकासशील करार दिया तो वहीं विपक्ष ने इसे पूरी तरह से निराशाजनक तथा आंकडों का खेल बताया।**

### सभी वर्गों का रखा ध्यान



भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि सरकार ने बजट को पूरी तरह संयमित रखा है तथा इसमें सभी सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। सबका साथ सबका विकास पर बजट पेश हुआ है। मछली पालन वाले किसानों को अच्छी राहत मिली है। छात्राओं के लिए हॉस्टल खोलना सरकार की एक अच्छी योजना है।

### बजट आम लोगों को समर्पित



पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने अच्छा बजट पेश किया है। बजट से देश को विकसित राष्ट्र बनने की राह में आगे बढ़ने में मजबूती मिलेगी। बजट युवाओं, महिलाओं, किसानों व गरीब वर्ग के कल्याण को समर्पित है।

### हर जिले में लड़कियों का हॉस्टल



भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि उच्च शिक्षा के लिए घर से दूर पढ़ने जाने वाली लड़कियों को एक सौगात दी गई है। हर जिले में एक सरकारी लड़कियों का हॉस्टल बनाया जाएगा। कई बार सुरक्षा व रहने की जगह न होने के कारण लड़कियां कॉलेज छोड़ देती थी। अब ऐसा नहीं होगा। केंद्रीय मंत्री ने अच्छा बजट पेश किया है।

### अप्रैल से होगा लागू: धांदी



जीएसटी से संबंधित अधिवक्ता राममेहर धांदी ने कहा कि नया आयकर अधिनियम, 2025 अप्रैल 2026 से लागू होगा। सरलीकृत आयकर नियम और प्रपत्र शीघ्र ही अधिसूचित किए जाएंगे। सामान्य नागरिकों की सुविधा के लिए प्रपत्रों को नए सिरे से तैयार किया गया है।

### केंद्रीय बजट दूरदर्शी



नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने सभी श्रेणियों को ध्यान में रखकर बजट पेश किया है। कैंसर की 17 दवाओं पर सीमा शुल्क पूरी तरह से हटा दिया गया है। जिससे उसका इलाज काफी सस्ता होगा। मोबाइल बैटरी और ईवी बैटरी सस्ती होगी।

### बजट लोगों के हक में



हजरस के वरिष्ठ नेता दलबीर राठी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने लोगों के हक वाला बजट पेश किया गया है। सात हाईस्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा की गई है। 15 हजार सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब्स बनाई जाएगी।

### विकास में देगा योगदान



वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रताप गुप्ता ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य को नई दिशा में देने वाला बजट है। सबका साथ सबका विकास के ध्यान में रखकर यह बजट पेश किया गया है।

### रोजगार के लिए की घोषणाएं



कुरुक्षेत्र लोकसभा से सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि बजट किसान, महिला व गरीब पर केंद्रित बजट यह रहा है। शिक्षा व रोजगार के लिए कई घोषणाएं हुई है। छोटे और सीमांत किसानों की आय में इजाफा लाने पर जोर दिया गया। पशुधन उद्यमों का संवर्धन और आधुनिकीकरण होगा।

### हरियाणा दिखा खाली हाथ



कांग्रेस कमेटी कैथल के जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड ने बताया कि बजट में हरियाणा के लिए कुछ नहीं है। न किसानों के लिए, न युवाओं के लिए व न नौकरी पेशा के लिए। बजट पेश कर केवल दिखावा किया जा रहा है। इससे किसी भी वर्ग का भला होने वाला नहीं है।

### केवल आंकडों का खेल



इनेलो के जिला प्रधान अनिल तंवर ने बताया कि पुराने बजट को नया नाम देकर पेश किया गया है। सरकार केवल आंकडों को तोड़ मरोड कर पेश कर रही है। युवाओं को रोजगार न देकर उनके भविष्य से खिलवाड़ करने का काम भाजपा सरकार कर रही है।

### युवाओं के रोजगार की अनदेखी



कैथल के विधायक आदित्य सुरजेवाला ने बताया कि बजट में कोई नए रोजगार की व्यवस्था नहीं की गई और ना किसानों के कर्ज माफ करने की कोई घोषणा की गई है। एमएसपी की गारंटी भी नहीं दी गई।

### किसान हुए निराश: राजीव आर्य



भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड ने कहा कि बजट में किसान की पूरी तरह से अनदेखी की गई है। जिस कारण किसान निराश नजर आ रहा है। किसान की बजट से उम्मीद धरी धराई रह गई।

### बजट युवाओं के हक में नहीं



इनेलो हलकाध्यक्ष तेजबीर सिंह ने बजट को पूरी तरह से युवा व जनविरोधी करार दिया। तेजबीर ने कहा कि बजट में गरीब व मध्यम वर्ग की अनदेखी की गई है। बजट धनाढय वर्ग के हित में जारी किया गया है। इससे प्रदेश की जनता को कुछ भी नहीं मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### हड़ताल को लेकर सीटू एवं एसकेएस की बैठक

**जींद।** सूबे सिंह स्मारक जींद में सीटू जिला अध्यक्ष कॉमरेड रमेश चंद्र की अध्यक्षता में हुई। इसमें 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्र व्यापी आम हड़ताल की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। यह हड़ताल केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी, किसान विरोधी, कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ है। जिसमें विभिन्न वर्गों मजदूर, किसान, महिलाएं, युवा, कर्मचारी और छोटे व्यापारी को शामिल किया जा रहा है।

### पेंशनर्स की मांगों को पूरा करे सरकार

**जींद।** हरियाणाा पैशन्र्ज समाज की बैठक सत्यवान मुद्गिल प्रधान की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन अर्जुन सैनी सचिव ने किया। सभा में पैंशर्ज विभिन्न मांगों के बारे विचार किया गया तथा अन्य राज्यों की तरह 65, 70 ,75 वर्ष पूरे होने पर 5, 10, 15 प्रतिशत वेतन वृद्धि एंव मेडिकल भत्ता एक हजार से बढ़ाकर तीन हजार रुपये करने की मांग की। बैठक में भलेराम बूरा, वेद प्रकाश कोशिक, राजेश कुमार, ईश्वर शर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान, जोरा सिंह आर्य, तेलू राम, बलवान शर्मा, सुबे सिंह आदि सदस्यों ने भाग लिया।

### पूर्व चेयरमैन डॉ. नरेंद्र देशवाल को मातृशोक

**बहादुरगढ़।** जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन डॉ. नरेंद्र देशवाल की माता राम देवी का निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनकी अंत्येष्टि में पूर्व विधायक राजेंद्र जून, चेयरपर्सन सरोज राठी, पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी, कांग्रेसी नेता नरेश जून, नरदेव दहिया, राजबीर परनाला, पार्षद राजेश तंवर, पवन रोहिल्ला, पार्षद प्रतिनिधि संजीव मलिक, जिला पार्षद संजय दलाल, प्रदीप देशवाल, कृष्ण प्रधान, रमेश राठी, दलजीत दलाल, अशोक मोंगा, राजपाल रुहिल आदि मौजूद रहे।

### पाई में दादा खेडा पर लगाया भंडारा

**जींद।** पाई में दादा खेड़ा मंदिर में 21वां भंडारा व मेले का आयोजन किया गया। सबसे पहले हवन किया गया। उसके बाद भंडारा चालू किया गया। कार्यक्रम को गांव की महिलाओं ने धार्मिक गीतों ने और भी चार चांद लगा दिए। ग्रामीणों ने बताया कि दादा खेड़ा मंदिर में हर साल फरवरी के महिने में ये भंडारा व मेला लगता है। जिसमें दुर दुर से श्रद्धालु मत्था टेकने के लिए आते हैं। ग्रामीणों ने बताया की ये भंडारा गांव में सुख शांति के लिए लगाया जाता है।

## बलकार कॉलोनी में रोड समाज का योगदान

- बलकार कॉलोनी वासियों ने दिया 12 .63 लाख का अतुलनीय योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी



**पूंडरी।** रोड महासभा के प्रधान बलकार सिंह को योगदान राशि सौंपते बलकार कलोनीवासी।

बलकार कॉलोनी में समाज के कल्याण, प्रगति और भवनों के सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से कॉलोनी वासियों ने नवनियुक्त अखिल भारतीय रोड महासभा के प्रधान सेवक बलकार सिंह पूंडरी का गुलदस्ता भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर रोड समाज के उत्थान के लिए अपनी नेक कमाई से 16 दानी सज्जनों ने कुल 12 लाख 63 हजार 200 रुपये की राशि का अनुकरणीय योगदान दिया। योगदान देने वाले दानी सज्जनों में नसीब सिंह पबनावा ने 1 लाख 21 हजार रुपये, गुरमीत सिंह पुत्र स्व. सुभाष बुच्ची ने 1 लाख 21 हजार रुपये, जसवंत सिंह पंगाला ने 1 लाख 21 हजार रुपये, सुरेश कुमार रमाना ने 1 लाख 21 हजार रुपये, शमशेर सिंह मूंदडी (एच.पी.) ने 1 लाख 11 हजार रुपये, सतीश कुमार मूंदडी (एचपी) ने 1 लाख 11 हजार रुपये, बाबूराम मोहना ने 1 लाख 11 हजार रुपये, राजबीर सिंह चूहड़माजरा ने 1 लाख 11 हजार रुपये, जोगिंदर सिंह कौल ने 1 लाख 11 हजार रुपये, सूबे सिंह रसीना ने 60 हजार रुपये, कृष्ण रमाना रोडवेज ने 51 हजार रुपये, जय सिंह प्रधान ए.एल.एम. ने 51 हजार रुपये, सुरेश खेड़ी सिकन्दर ने 31 हजार रुपये, कृष्ण कुमार रमाना ने 21 हजार रुपये, ओमप्रकाश भाणा ने 5100 रुपये तथा सुरेश कुमार बाकल ने 5100 रुपये का योगदान दिया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधान सेवक समाज को नई दिशा, नई उमंग और उत्साह के साथ आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। समाज ने यह भी स्पष्ट किया कि यह सहयोग केवल शुरुआत है और भविष्य में भी समाज आर्थिक रूप से निरंतर सहयोग करता रहेगा। वहीं रोड महासभा में दिए गए इस योगदान के लिए प्रधान सेवक बलकार सिंह पूंडरी ने समस्त कार्यकारिणी की ओर से बलकार कॉलोनी वासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने परम पिता परमात्मा से सभी दानवीरों और उनके परिवारों के लिए सुख, समृद्धि, सम्पन्नता, उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि मां लक्ष्मी की कृपा सभी पर बनी रहे और समाज में दान देने की यह परंपरा निरंतर चलती रहे।

## नए बजट से स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

केंद्रीय बजट में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए मेडिकल कालेजों में क्रिटिकल केयर ब्लाक स्थापित किए जाने की बात कही है। इससे साफ है कि जींद में शुरू हुए संत शिरोमणि धन्ना भगत राजकीय मेडिकल कालेज में भी सुविधाएं बढ़ेंगी। फिलहाल मेडिकल कालेज में केवल ओपीडी शुरू हुई हैं। यहां चिकित्सकों की काफी कमी है। यदि केंद्रीय बजट के अनुसार मेडिकल कालेज में क्रिटिकल केयर ब्लाक शुरू होते हैं तो यहां स्वास्थ्य सेवाएं काफी मजबूत होंगी। जिले में इस समय क्रिटिकल केयर ब्लाक नहीं हैं।



### मेडिकल कालेज में ओपीडी शुरू

मेडिकल कालेज डायरेक्टर डा. राजीव महेंद्रू ने कहा कि मेडिकल कालेज में ओपीडी शुरू हो चुकी है। चिकित्सकों की भर्ती का कार्य चल रहा है। यदि यहां पर क्रिटिकल केयर ब्लाक बनेंगे तो यह बहुत बड़ी सुविधा होगी। इससे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा।

### पिछले साल शुरू हो चुका है मेडिकल कालेज

गांव हैबतपुर के पास संत शिरोमणि धन्ना भगत राजकीय मेडिकल कालेज पिछले साल अक्टूबर महीने में ही शुरू हो चुका है। यहां पर फिलहाल ओपीडी शुरू की गई हैं। इसके अलावा यहां कोई सुविधा नहीं है। यहां पर ओपीडी के लिए भी चिकित्सक नागरिक अस्पताल से ही जाते हैं। यदि किसी मरीज को जांच करवाने की जरूरत पड़ती है तो उसे नागरिक अस्पताल में जांच एक्सरे, रक्त जांच के लिए भेजा जाता है।

## आचार्य देवव्रत को सौंपा महाराष्ट्र राज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

गुजरात के राज्यपालश्री एवं गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संरक्षक आचार्य देवव्रत को माननीय उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन द्वारा महाराष्ट्र के राज्यपाल का अतिरिक्त दायित्व दिया गया है। आचार्य देवव्रत की कार्यकुशलता और उन्नत कार्यशैली को देखते हुए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें यह दोहरी जिम्मेदारी सौंपी है, जिसे लेकर पूरे गुरुकुल परिवार में उत्साह का माहौल है। आज गुरुकुल कुरुक्षेत्र में इसी संदर्भ में एक विशेष यज्ञ कराया गया, तत्पश्चात गुरुकुल परिसर में लड्डू बांटे गए। गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने ढोल की थाप पर झूमकर अपनी खुशी व्यक्त की, वहीं गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने आचार्य के सुपुत्र गौरव आर्य एवं उनकी पुत्रवधु कविता चौधरी को



लड्डू खिलाकर बधाई दी। प्रधान राजकुमार गर्ग ने कहा कि यह गुरुकुल ही नहीं अपितु हरियाणा प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि आचार्य देवव्रत को यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है, निश्चित तौर पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने आचार्य की कर्त्तव्यनिष्ठा और कार्यकुशलता को देखकर यह निर्णय लिया है जिसके लिए गुरुकुल परिवार देश की माननीया राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री का आभारी हैं।

### पंडित जसराज की जयंती पर पीली मंदोरी में राज्य स्तरीय समारोह आज

**जींद।** भारतीय शास्त्रीय संगीत के विश्वविख्यात गायक पद्म विभूषण पंडित जसराज की जयंती के अवसर पर दो फरवरी को 11 बजे उनके पैतृक गांव पीली मंदोरी जिला फतेहाबाद में भव्य राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। प्रदेशभर के सभी गायक और लोक कलाकार इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में आमंत्रित है। पंडित जसराज जी की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में कला और संगीत जगत के कई बड़े सितारों के पहुंचने की संभावना है।

## चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा की पुण्यतिथि मानाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रख्यात राजनेता एवं समाज सुधारक रणबीर सिंह हुड्डा की पुण्यतिथि श्रद्धा, सम्मान और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी, विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर, शिक्षक, अधिकारी एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने कहा कि चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन जुझारू सेनानियों में से थे, जिन्होंने राष्ट्र की आजादी के लिए अपने जीवन के अमूल्य वर्ष संघर्ष और बलिदान में समर्पित कर दिए। वे एक निर्भीक, सिद्धांतवादी एवं दूरदर्शी व्यक्तित्व के धनी थे। जिनकी सोच केवल राजनीति तक सीमित नही थी बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण से जुड़ी हुई थी। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान



**जींद।** रणबीर सिंह हुड्डा की प्रतिमा को नमन करते हुए वीसी।

रणबीर सिंह हुड्डा ने अनेक क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आवाज बुलंद की। स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान के लिए उन्हें कई बार जेल यात्राएं भी करनी पड़ी लेकिन उन्होंने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। आजादी के बाद भी उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती, सामाजिक न्याय, किसानों एवं श्रमिक वर्ग के अधिकारों तथा क्षेत्रीय विकास के लिए निरंतर कार्य किया।

## कन्याकुमारी से कश्मीर तक की किसान जागृति यात्रा का हरियाणा में होगा स्वागत



**जींद ।** संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक के बैनर तले आगामी सात फरवरी से शुरू होने वाली कन्याकुमारी से कश्मीर तक की किसान जागृति यात्रा के हरियाणा पहुंचने पर भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर के द्वारा जींद में प्रदेश स्तरीय किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पूरे हरियाणा के किसान एकजुट होंगे। यह फैसला रविवार को जींद की जाट धर्मशाला में भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर की राज्य स्तरीय मीटिंग में लिया गया। जिसमें प्रदेश, जिला व ब्लॉक स्तर के तमाम पदाधिकारी शामिल हुए। आज की बैठक में पहुंचे किसान नेताओं ने बताया कि किसान जागृति यात्रा में सीटू प्लस फॉर्मूले के तहत एमएसपी गारंटी कानून बनवाने, किसानों की संपूर्ण कर्ज माफी, 2013 का भूमि अधिग्रहण कानून पुनः लागू करवाने, बिजली की हाई टेंशन लाइनों का उचित मुआवजा दिए जाने हेतु पॉलिसी बनाए जाने, गन्ने का एफआरपी मूल्य बढ़ाकर 600 किए जाने, अंतरराष्ट्रीय मुक्त व्यापार समझौतों से कृषि, डेयरीए पोल्ट्री क्षेत्रों से बाहर रखे जाने, सीड बिल, बिजली संशोधन बिल, फसल बीमा योजना में सुधार करने जैसे मुद्दों को लेकर पूरे देश के गांवों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और देश भर के तमाम राज्यों के लाखों गांवों से इन मांगों के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाकर समर्थन पत्र जुटाए जाएंगे। जिन्हें यात्रा के समापन पर 19 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली राष्ट्रीय किसान महापंचायत के दौरान भारत सरकार को सौंपा जाएगा।

### पंडित जसराज जयंती पर फतेहाबाद में हो रहा है कार्यक्रम, सीएम होंगे मुख्यअतिथि

## जींद डिपो से 26 बसें आज जाएंगी फतेहाबाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

पंडित जसराज जयंती संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत फतेहाबाद में दो फरवरी को मनाई जा रही है। इसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में लोगों को लाने व ले जाने के लिए नौ जिले फतेहाबाद, हिसार, सिरसा, सोनीपत, कैथल, जींद, रोहतक, भिवानी व गुरुग्राम से कुल 142 बसों की मांग की गई है। इसके लिए परिवहन विभाग ने उपरोक्त महाप्रबंधकों को बसों की व्यवस्था को लेकर पत्र जारी किया है।

इसमें जींद डिपो से 26 बस फतेहाबाद में आयोजित कार्यक्रम में जाएंगी। इसके अलावा फतेहाबाद से 43, हिसार से 54, सिरसा से छह, सोनीपत से तीनख कैथल से चार, जींद से 26, रोहतक से दो, भिवानी से तीन व गुरुग्राम से एक बस भेजी



**जींद।** डिपो पर खड़ी बसें। फोटो : हरिभूमि

जाएगी। जींद डिपो में कुल 165 रोडवेज बस हैं। जिसमें किलोमीटर स्कीम की 37 बस शामिल हैं। वहीं 31 जनवरी को उमरी में आयोजित राज्य स्तरीय संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती में जींद से 109 बस गई थी। अब दो फरवरी को फतेहाबाद में पंडित जसराज जयंती पर 26 बस भेजी जा रही हैं। ऐसे में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार कार्यक्रम के लिए हरियाणा राज्य परिवहन फतेहाबाद महाप्रबंधक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलवा सभी संबंधित महाप्रबंधक आगार स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे। जो जिला प्रशासन से संपर्क करके बस उपलब्ध करवाएंगे। बसों की संख्या आवश्यकता अनुसार घटाई या बढ़ाई भी जा सकती है। महाप्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी बसों में प्राथमिक सहायता बॉक्स व अग्निशामक यंत्र लगवाना सुनिश्चित करें।

### जींद से जाएंगी 26 बस

*जींद डिपो के डीआई सुनील पूनिया ने बताया कि जिस रूट पर यात्रियों की भीड़ ज्यादा होगीए वहां बसों का संचालन किया जाएगा। पंडित जसराज जयंती पर फतेहाबाद में जींद से 26 बस जाएंगी। अन्य रूट पर यात्रियों को पेरशानी नहीं होने दी जाएगी।*

### बस संचालन के लिए दिए निर्देश

सभी संबंधित महाप्रबंधक इस कार्यक्रम के लिए लगाई गई बसों के रजिस्ट्रेशन नंबर व चालक और परिचालकों के नाम, नंबर व मोबाइल नंबर जिला प्रशासन को उपलब्ध करवाने बारे निर्देश देना सुनिश्चित करें। सभी चालक व परिचालक समारोह में हिस्सा लेने वाले सहभागियों को आयोजन स्थल पर उतारकर अपनी बसों को निर्धारित पार्किंग स्थल फतेहाबाद महाप्रबंधक द्वारा चिन्हित पार्किंग स्थल पर लेकर जाएंगें। चालक व परिचालक बस के साथ नियुक्त समन्ययक का मोबाइल नंबर लेंगे व कार्यक्रम की समाप्ति उपरांत उससे संपर्क करते हुए सभी हिस्सा लेने वाले सहभागियों को वापस ले जाएंगे। निदेशालय ने कहा कि मुख्य रूप से अच्छी स्थिति की बसों का ही संचालन किया जाएगा ताकि रास्ते में बस खराब होने की कम से कम संभावना हो। सभी बसों में प्राथमिक सहायता बाक्स व अग्निशामक यंत्र लगवाना सुनिश्चित करें। सभी संबंधित महाप्रबंधक कार्यक्रम के लिए लगाई गई बसों के रजिस्ट्रेशन नंबर, चालक व परिचालकों के नाम, नंबर व मोबाइल नंबर जिला प्रशासन को उपलब्ध करवाने बारे सुनिश्चित करें। सभी महाप्रबंधक यह सुनिश्चित करेगें कि कोई भी बस रास्ते से वापस नहीं जाए।